कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0– कीर्तिनगर

Phone no./Fax no. 01370-260070 E.mail- eepwdkirtinagar@rediffmail.com

पत्रांक 1781/33 सी दिनांक 05/12/2019

सेवा में,

**प्रभागीय वनाधिकारी**
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनिकीरेती।

विषय – जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के विकास खण्ड़ कीर्तिनगर के अन्तर्गत मलेथा ग्वाड़टोला मोटर मार्ग से सेमवालगांव तक मोटर मार्ग हेतु 0.2795 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

सन्दर्भ – कार्यालय उप वन संरक्षक नरेन्द्रनगर वन प्रभाग मुनिकीरेती का पत्रांक 1105/12–1 दिनांक 19.10.2019

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कार्यालय उप वन संरक्षक नरेन्द्रनगर वन प्रभाग मुनिकीरेती द्वारा उक्त विषयक प्रस्ताव पर सन्दर्भित पत्र के माध्यम से निम्न बिन्दुओं पर आपत्तियां लगाई गई थी, जिनका निराकरण निम्न प्रकार किया जा रहा है।

1. प्रस्ताव में संलग्न प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट के साथ राजि अधिकारी द्वारा जारी वृक्षों की गणना सूची चस्पा कर ली गई है, तथा रिपोर्ट में राजि अधिकारी के हस्ताक्षर करवा दिये गये है।
2. प्रस्तावित मोटर मार्ग वैकल्पिक समरेखण के मानचित्र यथा स्थान चस्पा कर दिये गये है।
3. प्रस्ताव में प्रारम्भिक निरीक्षण आख्या के अनुसार प्रारूप–19 में संशोधन कर दिया गया है।
4. प्रस्ताव में वैकल्पिक समरेखण में त्रुटिवश 10 वृक्ष अंकित हो गये थे जिसे संशोधित किया जा चुका है।
5. प्रारूप – 30 में वन अधिकार अधिनियम 2006 के एक प्रारूप में जिलाधिकारी महोदय के हस्ताक्षर करवा दिये गय है।
6. प्रारूप –37 में जिलाधिकारी के हस्ताक्षर महोदय के हस्ताक्षर करवा दिये गये है।
7. प्रारूप –48 में प्रस्ताव विभाग के मध्य हुये अनुबन्ध की प्रति पृष्ठ सं0 60–61 पर संलग्न है।
8. आर0सी0सी0 पिलरों द्वारा सीमाकन का प्राक्कलन प्रारूप –52 वन भूमि का क्षेत्रफल एक हेक्टेयर से कम होने के कारण लागू नहीं है, चूंकि मार्ग पर आरक्षित वन भूमि नही पड़ रही है। एक हेक्टेयर से कम सिविल वन भूमि पड़ने के कारण क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्राविधान लागू नहीं है। जिस कारण आर0सी0सी0 पिलरों द्वारा सीमांकन का आगणन गठित नहीं किया गया है।
9. प्रस्ताव में संलग्न विषय सूची भर दी गई है।

**संलग्न** :– प्रस्ताव की 1 प्रति मूल में।

05/12/19

(इं0 विनोद नेगी)
**अधिशासी अभियन्ता**
अ0ख0,लोक निर्माण विभाग
श्रीनगर मु0– कीर्तिनगर